# खाटू में मोरनी बनके मैं तो छम छम नाचूं भजन लिरिक्स

खाटू में मोरनी बनके,
मैं तो छम छम नाचूं,
मैं तो छम छम नाचूं,
सांवरिया तेरी याद में,
जोगन बन मैं गाऊं,
खाटु में मोरनी बनके,
मैं तो छम छम नाचूं,
मैं तो छम छम नाचूं।bd।

तर्ज – सावन में मोरनी बनके।

---

खाटू की गलियों में,
श्री श्याम की जलती है ज्योति,
बिन मौसम के बाबा,
अमृत की है वर्षा होती,
प्रेमी बन जो कोई है आता यहाँ,
आकर के भूल गया वो सारा जहाँ,
खाटु में मोरनी बनके,
मैं तो छम छम नाचूं,
मैं तो छम छम नाचूं।bd।

---

तुम इतनी किरपा करना,
खाटू बुलाते रहना,
बन माझी नैया को,
भव पार लगाते रहना,
हारे का साथी है कहता ये जहान,
हमने भी मान लिया आकर के यहाँ,
खाटु में मोरनी बनके,
मैं तो छम छम नाचूं,
मैं तो छम छम नाचूं।bd।

---

आओ कभी घर बाबा,
भक्ति का है ये मौसम,
तेरे बिना सूना है,
‘संजीव’ के मन का दर्पण,
इक सपना लगता है आना तेरा,
सांवरिया तुम आओ भी कहता दिल मेरा,

खाटु में मोरनी बनके,
मैं तो छम छम नाचूं,
मैं तो छम छम नाचूं।bd।

---

खाटू में मोरनी बनके,
मैं तो छम छम नाचूं,
मैं तो छम छम नाचूं,
सांवरिया तेरी याद में,
जोगन बन मैं गाऊं,
खाटु में मोरनी बनके,
मैं तो छम छम नाचूं,
मैं तो छम छम नाचूं।bd।

**Singer & Lyrics – Sanjeev Sharma**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com